भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

28 September 2018

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा दिल्ली प्रदेश के करोलबाग जिला भाजपा कार्यालय के उद्घाटन समारोह में दिए गए उदबोधन के मुख्य बिंदु

पिछले लोक सभा चुनाव की ही तरह 2019 के चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी दिल्ली की सभी सातों सीटों पर प्रदेश की जनता के आशीर्वाद से विजय श्री प्राप्त करेगी

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा एक ही लक्ष्य है - सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के आधार पर राष्ट्र की परिकल्पना को चरितार्थ करना और अंत्योदय के सिद्धांत पर गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए अच्छे से अच्छा जीवन उपलब्ध कराना

****

केजरीवाल सरकार केंद्र की मोदी सरकार से असहयोग कर दिल्ली की गरीब एवं मध्यमवर्गीय जनता को गरीब कल्याण की महत्वपूर्ण योजनाओं से महरूम रखने का पाप कर रही है। आखिर क्या कारण है कि दिल्ली की डेढ़ करोड़ गरीब जनता को 'आयुष्मान भारत' योजना का फायदा नहीं मिल पा रहा

****

अरविंद केजरीवाल को डर है कि यदि आयुष्मान भारत योजना दिल्ली प्रदेश में लागू हो गई तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की लोकप्रियता और बढ़ जायेगी। इसी कारण केजरीवाल नागरिकों को इस सुविधा से वंचित रखने का पाप कर रहे हैं

****

केजरीवाल जी, आप हमसे राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा कीजिये लेकिन गरीबों के स्वास्थ्य के मामले में इस प्रकार की तुच्छ राजनीति मत कीजिये

****

अरविन्द केजरीवाल चाहे कुछ भी कर लें लेकिन वे विकास को रोक नहीं सकते क्योंकि पूरा देश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की विकास यात्रा से जुड़ चुका है

****

यदि केजरीवाल सरकार आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली प्रदेश में लागू नहीं करती तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जनसंपर्क के माध्यम से राज्य के हर घर जाकर जनता को आयुष्मान भारत के प्रति जागरूक करेगी और केजरीवाल सरकार के षड्यंत्रों को उजागर करेगी

****

अर्बन नक्सलियों की गिरफ्तारी के मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले से कांग्रेस पार्टी, राहुल गाँधी और देश की सुरक्षा पर राजनीति करने वाले तमाम विपक्षी नेताओं एवं तथाकथित विचारकों की सच्चाई आज देश की जनता के सामने आ चुकी है

****

क्या मोर्टार खरीदना, प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश रचना अभिव्यक्ति की आजादी का मामला है? संदिग्ध नक्सलियों को बचाने के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और उसकी तमाम सहयोगी पार्टियां सुप्रीम कोर्ट पहुँच गई लेकिन आज सच सामने आ गया

****

हम अवैध घुसपैठियों को देश से निकालने में राजनीति नहीं कर रहे लेकिन कांग्रेस एंड कंपनी और आम आदमी पार्टी घुसपैठियों को भारत में रखने के लिए राजनीति अवश्य कर रही है

****

2019 के चुनाव के बाद देश से एक-एक घुसपैठिये को चिह्नित कर मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा। यदि कोई इस प्रक्रिया को रोकने की कोशिश करेगा तो देश की जनता उससे इसका हिसाब मांगेगी क्योंकि यह देश की सुरक्षा का सवाल है

****

जो भी भारत के खिलाफ काम करेगा, मोदी सरकार में उसकी जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने देश के 50 करोड़ लोगों के जीवन को ऊपर उठाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है

****

अरविन्द केजरीवाल ने अपनी ही पार्टी के नेताओं को लक्ष्य बनाकर पार्टी से निकालने के अलावे और कोई काम किया ही नहीं है

****

केजरीवाल सरकार का जनाधार काफी तेजी से घटा है और यह लगातार नीचे की ओर जा रहा है

****

स्थापना से लेकर आज तक भारतीय जनता पार्टी अपनी दो विशेषताओं पर अडिग रही है - एक है हमारी विचारधारा और दूसरी है संगठन की शक्ति। संगठन एवं कार्यकर्ताओं के आधार पर चलने वाली भाजपा एक मात्र पार्टी है और कार्यालय हमारी पार्टी का प्राण है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज दिल्ली प्रदेश के करोलबाग जिला भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।

श्री शाह ने कहा कि स्थापना से लेकर आज तक भारतीय जनता पार्टी अपनी दो विशेषताओं पर अडिग रही है - एक है हमारी विचारधारा और दूसरी है संगठन की शक्ति। उन्होंने कहा कि समग्र देश में संगठन एवं कार्यकर्ताओं के आधार पर चलने वाली एक मात्र पार्टी भारतीय जनता पार्टी है और कार्यालय हमारी पार्टी का प्राण है। उन्होंने

कहा कि 2015 के संगठन पर्व के बाद हमने हर जिले में कार्यालय बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। 585 जिलों में से 487 जिले में कार्यालय बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि 193 जिले में कार्यालय को आधुनिक बनाने का काम किया जा रहा है, 135 कार्यालयों का निर्माण पूरा हो गया है और 159 कार्यालयों का निर्माण प्रगति पर है। दिल्ली में सातों जिलों में कार्यालय निर्माण की प्रक्रिया काफी आगे है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा एक ही लक्ष्य है - सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के आधार पर राष्ट्र की परिकल्पना को चरितार्थ करना और अंत्योदय के सिद्धांत पर गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए अच्छे से अच्छा जीवन उपलब्ध कराना। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है, हमने दोनों रास्तों पर देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार शहर हो या गाँव, उद्योग हो या कृषि, दलित हो या आदिवासी, सबके जीवन के उत्थान के लिए अतुलनीय कार्य किया है।

दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर करारा प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि केजरीवाल सरकार केंद्र की मोदी सरकार से असहयोग कर दिल्ली की गरीब एवं मध्यमवर्गीय जनता को गरीब कल्याण की महत्वपूर्ण योजनाओं से महरूम रखने का पाप कर रही है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार राज्य के विकास में रोड़े अटकाने का काम कर रही है। केजरीवाल सरकार से प्रश्न पूछते हुए उन्होंने कहा कि आखिर क्या कारण है कि दिल्ली की डेढ़ करोड़ गरीब जनता को 'आयुष्मान भारत' योजना का फायदा नहीं मिल पा रहा जबकि मोदी सरकार देश के 10 करोड़ गरीब परिवारों अर्थात् 50 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने बार-बार केजरीवाल सरकार को रिमाइंडर भेजे लेकिन केजरीवाल इन इस पर कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को डर है कि यदि आयुष्मान भारत योजना दिल्ली प्रदेश में लागू हो गई तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की लोकप्रियता और बढ़ जायेगी। इसी कारण केजरीवाल सरकार अपने नागरिकों को इस सुविधा से वंचित रखने का पाप कर रही है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल एंड कंपनी मोहल्ला क्लिनिक का बनाना बना कर आयुष्मान भारत को लागू नहीं कर रही है जबकि सबको पता है कि मोहल्ला क्लिनिक में गंभीर बीमारियों का इलाज हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी, अवार्ड मिलने से क्या होता है, आप अपना इलाज एक बार मोहल्ला क्लिनिक में करा कर देख लीजिये, आपको पता चल जाएगा कि इसका क्या हाल है। उन्होंने केजरीवाल को नसीहत देते हुए कहा कि केजरीवाल जी, आप हमसे राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा कीजिये लेकिन गरीबों के स्वास्थ्य के मामले में इस प्रकार की तुच्छ राजनीति मत कीजिये।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विकास नाम का शब्द भी केजरीवाल जी जानते हैं या नहीं, लोगों को इस पर संदेह है क्योंकि हर समय हर विषय पर केवल और केवल संघर्ष का ही राग ये अलापते रहते हैं, प्रदेश के विकास से इन्हें कोई मतलब ही नहीं रहता। उन्होंने केजरीवाल को चुनौती देते हुए कहा कि अरविन्द केजरीवाल चाहे कुछ भी कर लें लेकिन वे विकास को रोक नहीं सकते क्योंकि पूरा देश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की विकास यात्रा से जुड़ चुका है। उन्होंने कहा कि विकास के प्रति केजरीवाल सरकार की उदासीनता का ही नतीजा है कि दिल्ली प्रदेश की जनता ने एमसीडी चुनावों में तीनों म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन भारतीय जनता पार्टी की झोली में डाल दी। उन्होंने कहा कि यदि केजरीवाल सरकार आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली प्रदेश में लागू नहीं करती तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जनसंपर्क के माध्यम से राज्य के हर घर जाकर जनता को आयुष्मान भारत के प्रति जागरूक करेगी और केजरीवाल सरकार के षड्यंत्रों को उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि यदि केजरीवाल सरकार

दिल्ली प्रदेश को इसी तरह विकास यात्रा से अलग रखने की कोशिश करती रही तो दिल्ली की जनता उसे आने वाले चुनावों में करारा सबक सिखाएगी।

श्री शाह ने कहा कि जब मोदी सरकार की अगुआई में असम की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिह्नित करने की व्यवस्था शुरू की तो राहुल गाँधी और केजरीवाल एंड कंपनी को घुसपैठियों के मानवाधिकार की चिंता सताने लगी। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी तो घुसपैठियों को भारत में ही रहने देने को लेकर भारतीय जनता पार्टी को सलाह तक देने लगी। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को निशाने पर रखते हुए उन्होंने कहा कि हम देश की सुरक्षा के लिए ख़तरा अवैध घुसपैठियों को देश से निकालने में राजनीति नहीं कर रहे लेकिन कांग्रेस एंड कंपनी और आम आदमी पार्टी घुसपैठियों को भारत में रखने के लिए राजनीति अवश्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव के बाद देश से एक-एक घुसपैठिये को चिह्नित कर मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा। यदि कोई इस प्रक्रिया को रोकने की कोशिश करेगा तो देश की जनता उससे इसका हिसाब मांगेगी क्योंकि यह देश की सुरक्षा का सवाल है।

अर्बन नक्सालियों की गिरफ्तारी के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की चर्चा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि महाराष्ट्र पुलिस ने ऐसे माओवादी नक्सलियों को पकड़ा जो मोर्टार सहित भारी हथियार खरीद कर देश में अस्थिरता फैलाना चाहते थे, देश के लोकप्रिया प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश रच रहे थे, जातिवाद का जहर फैला कर समाज में वैमनस्यता के बीज बोना चाहते थे। उन्होंने कहा कि जैसे ही महाराष्ट्र पुलिस ने देशद्रोही गतिविधियों में संल्पित लोगों को पकड़ा, राहुल गाँधी, अरविन्द केजरीवाल, ममता बनर्जी, लालू यादव, सपा-बसपा सब एक होकर माओवादियों के पक्ष में खड़े हो गए और इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बता कर अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेंकने में लग गए। उन्होंने प्रश्न पूछते हुए कहा कि क्या मोर्टार खरीदना, प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश रचना अभिव्यक्ति की आजादी का मामला है? उन्होंने कहा कि संदिग्ध नक्सलियों को बचाने के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और उसकी तमाम सहयोगी पार्टियां सुप्रीम कोर्ट पहुँच गई लेकिन जब महाराष्ट्र सरकार ने तमाम साक्ष्य उच्चतम न्यायलय में रखा तो सच सामने आ गया। उन्होंने कहा कि आज माननीय सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया कि इन आरोपियों को नजरबंद ही रखा जाय। कोर्ट ने भी यह कहा कि राज्य पुलिस ने कोई गलत काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि जेएनयू में देशद्रोही नारे लगते हैं तो कांग्रेस पार्टी और केजरीवाल सरकार के माथे पर जूं तक नहीं रेंगती, उलटे वह देशद्रोही नारे लगाने वालों के समर्थन में खड़ी हो जाती है लेकिन जैसे ही देशद्रोहियों पर केस होता है तो इन्हें पीड़ा होने लगती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और केजरीवाल एंड कंपनी को देशद्रोहियों पर केस होने से पीड़ा होती है लेकिन हमें भारत के खिलाफ नारे लगने पर और भारत को टुकड़े-टुकड़े करने की साजिश रचे जाने पर पीड़ा होती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जो भी भारत के खिलाफ काम करेगा, मोदी सरकार में उसकी जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने देश के 50 करोड़ लोगों के जीवन को ऊपर उठाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है चाहे वह अर्बन डेवलपमेंट की योजना हो, स्मार्ट सिटी योजना हो, उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की बात हो, गरीब लोगों को घर देने की बात हो, गाँवों में और घरों में बिजली पहुंचाने की बात हो, गरीब बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की बात हो या फिर मुद्रा बैंक योजना से युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रियेटर में तब्दील करने की

योजना। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने अपनी ही पार्टी के नेताओं को लक्ष्य बनाकर पार्टी से निकालने के अलावे और कोई काम किया ही नहीं है।

भाजपा अध्यक्ष ने एक बार फिर अरविन्द केजरीवाल सरकार को आयुष्मान भारत योजना को लागू करने की सीख देते हुए कहा कि यदि गरीब कल्याण की इस महान योजना को अरविन्द केजरीवाल ने लागू नहीं होने दिया तो दिल्ली की जनता इसका जवाब देगी फिर केजरीवाल सरकार ईवीएम का रोना शुरू कर देगी। उन्होंने कहा कि चुनाव हारने पर तो आम आदमी पार्टी ईवीएम पर आरोप लगाना शुरू कर देती है लेकिन जब चुनाव आयोग उन्हें ईवीएम को हैक करने की चुनौती देती है तो वह वहां जाती नहीं और खिलौने जैसे ईवीएम की प्रदर्शनी करने लगती है।

श्री शाह ने कहा कि केजरीवाल सरकार का जनाधार काफी तेजी से घटा है और यह लगातार नीचे की ओर जा रहा है। उन्होंने राज्य की जनता से अपील करते हुए कहा कि पिछली बार के लोक सभा चुनाव की तरह इस बार भी आप दिल्ली की सभी सातों की सात सीटें मोदी जी की झोली में डाल दीजिये, विकास यात्रा इसी तरह अनवरत जारी रहेगी।